# पुस्तकालय, शासकीय होलकर (आदर्श स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय इंदौर (म.प्र.)

भंवरकुआ ए.बी. रोड़, इंदौर (म.प्र.) फोन-0731-2446806 Gmail-heghscind@mp.gov.in, principal@rediffimail.com

## (ई–निविदा) आमंत्रण //

### भाग– I

बिड क्र.

1. परिचयः–शासकीय होलकर (आदर्श स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों हेतु कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश सतपुड़ा भावन, भोपाल के संदर्भ पत्र कमांक 01. I/1171703/2026 दिनांक 17/08/2026 के संदर्भ कमांक 02. मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल का आदेश कमांक 1751/825/2012/38-2 दिनांक 05.11.2026 के प्रावधानों के अनुसार सत्र 2026-27 हेतु प्रति विद्यार्थी रू. 500.00 मात्र (समस्त सामग्री) विभिन्न स्टेशनरी सामग्रियों की खरीद के लिए टेंडर आमंत्रित करता हैं।

- टेंडर की प्रकिया म.प्र. भण्डार कय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022 के अनुसार एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से की जायेंगी।

2. कार्यः–

निर्दिष्य विनिर्देशों तथा कर्या आदेश में अंकित मात्रानुसार विभिन्न स्टेशनरी सामग्री की आपूर्ति। (परिशिष्ट–A)

3. निविदाकर्ता की पात्रताः–

✓ वैध जीएसटी पंजीकरण, पैन और अन्य वैधानिक दस्तावेज (परिशिष्ट–B अनुसार) होने चाहिए।

✓ किसी भी सरकारी या निजी क्षेत्र के संस्था द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया हो।

4. महत्वपूर्ण निथियाॅ

| | | |
|---|---|---|
| निविदा जारी होने की तिथि | : | 11/09/2026 |
| निविदा भरे जाने आरंभिक तिथि | : | 12/09/2026 |
| निविदा समाप्ति तिथि (Online) | : | 02/10/2026 |
| निविदा समाप्ति तिथि (Off line) | : | 03/10/2026 |
| तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि | : | 06/10/2026 |

निविदा की तिथियों एवं अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु एम.पी. टेंडर की वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ का समय–समय पर अवलोकन करते रहें। निविदा से

संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन एम.पी. टेंडर वेबसाइट पर ही किया जायेंगा, संशोधन होने की दशा में पृथक से किसी भी अन्य माध्यम से सूचित नहीं किया जायेंगा।

निविदा स्वीकृत होने पर चयनित प्रदायकर्ता को क्रयादेश जारी करने से पूर्व निष्पादन प्रतिभूति सामग्री का 3% राशि के रूप में बैंक डिमांड ड्रॉफ्ट प्राचार्य, शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर (म.प्र.) के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा।

5. निविदा की वैधताः-

निविदा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए मान्य रहेंगी।

**भाग-।। निविदाकर्ताओं हेतु निर्देश**

1. निविदा जमा करनाः-

निविदा को एम.पी. टेंडर के माध्यम से ऑनलाइन दिनांक 02/10/2026 शाम 5.00 बजे तक एवं ऑफलाइन दिनांक 03/10/2026 शाम 5.00 बजे तक जमा करना होगा। निविदा दो भागों में जमा की जानी है-

अ. तकनीकी निविदा

- तकनीकी निविदा में परिशिष्ट-बी अनुसार आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं दस्तावेज शामिल होने चाहिए।
- निविदाकर्ता प्रत्येक सामग्री के सैम्पल सीलबंद लिफाफे में (प्रत्येक सैंपल पर फर्म के स्टीकर, हस्ताक्षर एवं सील सहित) प्रदान करेंगे, जिसे तकनीकी मूल्यांकन के समय खोला जायेंगा।
- महाविद्यालय में सैम्पल सीलबंद लिफाफे में स्वयं या डाक के माध्यम से प्रदाय किया जा सकता है। निविदा खुलने के 1 माह के भीतर निविदाकर्ता अपने सैम्पल ले जा सकते है, इस अवधि के बाद सैम्पल वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा।

ब. वित्तीय निविदा

- वित्तीय निविदा को एम.पी. टेंडर में प्रदान किए गए BoQ प्रारूप के अनुसार जमा करनी होगी। इसमें प्रत्येक स्टेशनरी सामग्री की कीमत स्पष्ट रूप से उल्लेखित होनी चाहिए।

2. निविदा की प्रतिभूति (EMD) एवं टेंडर फॉर्म राशि :-

- ✓ निविदाकर्ता को एम.पी टेंडर के माध्यम से रू. 25,000/- की EMD जमा करनी होगी, जो वापसी योग्य होगी, एवं निविदा फॉर्म राशि रू. 2,000/- रूपये होगी, जो वापसी योग्य नहीं होगी।
- ✓ असफल निविदाकर्ताओं को निविदा समाप्ति के बाद EMD वापस कर दिया जायेंगा।
- ✓ मध्य प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यम तथा स्टार्ट-अप को EMD की भुगतान से छूट रहेंगी। इस आशय का प्रमाणपत्र संबंधित फर्म द्वारा संलग्न करना होगा। यह छूट निविदा फॉर्म की राशि पर लागु नहीं होगीं।

निविदा खोलना और मूल्यांकनः-

प्रथम चरणः- तकनीकी निविदा मूल्यांकन

- दस्तावेजों के अतिरिक्त समिति द्वारा निविदा सामग्री के सैम्पल का भी निरीक्षण किया जायेंगा। प्रत्येक सामग्री के सैम्पल की समिति द्वारा जांच की जाएगी तथा अवलोकन हेतु महाविद्यालय में रखेग, सैम्पल से कम गुणवत्ता की सैम्पल सामग्री प्राप्त होने पर निविदाकर्ता को अमान्य घोषित कर दिया जाएगा।
- निविदाकर्ता से समिति द्वारा कोई भी अतिरिक्त दस्तावेज निविदा के किसी भी चरण में मांगे जा सकते हैं, जो प्रदान करना अनिवार्य हैं।

द्वितीय चरणः-

- वित्तीय निविदा तकनीकी निविदा के मूल्यांकन उपरांत Online खोली जाएगी।
- तकनीकी निविदा का मूल्यांकन पात्रता मानदण्ड और तकनीकी अनुपालन के आधार पर किया जायेंगा।
- वित्तीय निविदा का मूल्यांकन आवश्यक विनिर्देशों को पूरा करने वाली सबसे कम दर प्रस्तुत करने वाली फर्म ($L_1$) के आधार पर किया जायेंगा।
- टाई होने कि स्थिति में समान रूप से दोनों प्रदायकर्ताओं में क्रयादेश जारी किया जायेंगा।

3. क्रयादेश प्रदायः-

क्रयादेश उस निविदाकर्ता को दिया जायेंगा जिसने तकनीकी और वित्तीय मानदण्डों को पूरा करते हुए सबसे कम निविदा दर ($L_1$) प्रस्तूत की हो।

Library पुस्तकालय Holkar (Model, Autonomous) Science College Indore (M.P.)

पुस्तकालय, शासकीय होलकर (आदर्श स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय इंदौर (म.प्र.)

भंवरकुआ ए.बी. रोड़, इंदौर (म.प्र.) फोन-0731-2446806 Gmail-heghscind@mp.gov.in, principal@rediffimail.com


## भाग-।।। नियम और शर्तें

- एम एस एम ई अथवा स्टार्टअप प्रमाणपत्र निर्माताओं/प्रदायकर्ताओं को नियमानुसार MED और टेंडर शुल्क में छूट की पात्रता होंगी।
- सभी निविदाकर्ता को मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम या संबंधित राज्य अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण कराना आवश्यक हैं।
- इस निविदा में केवल वही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्‌यम (MSME) भाग लेने के पात्र होंगे, जिन्होंने स्टेशनरी सामग्री – नोटबुक, बॉलपॉइंट पेन, पैंसिल और दस्तावेज फाइल फोल्डर के निर्माण हेतु उपयुक्त राष्ट्रीय औद्‌योगिक वर्गीकरण (NIC) कोड के अंतर्गत उद्‌यम पोर्टल (Udyam Registration Portal) पर पंजीकरण प्राप्त किया हो। ऐसे उद्‌यमों को अपना वैध उद्‌यम पंजीकरण प्रमाणपत्र, जिसमें संबंधित उत्पादों हेतु उचित (NIC) कोड उल्लेखित हो, निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं।
- निविदा शर्तें में परिवर्तन का सम्पूर्ण अधिकार महाविद्यालय क्रय समिति और प्रायार्च हो होंगा।
- सफल निविदाकर्ता को दी गई समय सीमा के अंदर निर्धारित दरों पर निर्धारित स्टेशनरी सामग्री क्रय आदेशनुसार महाविद्यालय को पूर्ति करना अनिवार्य हैं।
- अपूर्ण निविदा एवं निविदा शर्तों के अनुरूप ना होने की स्थिति में मान्य नहीं की जावेंगी तथा अहस्तांतरणीय होगी।
- सफल निविदाकर्ता को क्रय आदेश जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर महाविद्यालय को स्टेशनरी सामग्री प्रदाय करनी होंगी। सामग्री का भाड़ा खर्च एवं महाविद्यालय में निर्देशित स्थान पर सामग्री रखवाने का व्यय प्रदायकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।
- नोट बुक पर केवल महाविद्यालय का नाम एवं लॉगो ही होना चाहिए।
- निविदाकर्ता के पास अपनी फर्म/कम्पनी का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी पंजीयन की स्वप्रमाणित छायाप्रति तकनीकी बीड के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं।
- निविदा की किसी भी शर्त का उल्लंघन पाये जाने पर निविदा स्वतः निरस्त होगी एवं नवीन निविदा का पूर्ण अधिकार प्राचार्य होगा, जिसमें निविदाकर्ता को किसी आपत्ति का अधिकार नहीं होगा।
- एफ. ओ. आर. शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय को सौपना होंगा।
- निविदा की स्वीकृति/अस्वीकृति का पूर्ण अधिकार प्राचार्य को होंगा। जिसमें निविदाकर्ता को कोई आपत्ति नहीं होगी।

- शासन के बजट प्राप्त होने की स्थिति में ही देयकों का भुगतान संभव हो सकेंगा। विलंब की स्थिति में इसमें किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा और महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
- प्रदायकर्ता/उद्‌यमी द्वारा सामग्री प्रदाय के उपरांत नमूना के अनुरूप सामग्री नहीं पाये जाने पर महाविद्यालय द्वारा प्रेषित क्रयादेश को निरस्त कर दिया जायेगा एवं निष्पादन प्रतिभूमि राशि राजसात किया जायेंगा और फर्म को ब्लैक लिस्ट घोषित करने हेतु कार्यवाही की जायेंगी, एवं उक्त स्थिति में महाविद्यालय को प्रदत सामग्री प्रदायकर्ता को स्वयं के खर्चे पर वापस ले जानी होंगी।
- निविदा में अंकित की जाने वाली किमत/दरें जी.एस.टी./समस्त कर संहित मान्य की जायेंगी।
- कार्य अवधि के दौरान किसी भी परिस्थितियों में मूल्य वृद्धि देय नहीं होंगा।
- स्टेशनरी सामग्री क्रय करने हेतु आमंत्रित निविदा किसी भी समय निरस्त करने अथवा पुनः निविदा आमंत्रित करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित होगा।
- निनिदाकर्ता को किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेंगा।
- निविदाकर्ता द्वारा कार्यापरांत प्रस्तुत देयकों में से नियमानुसार शासन द्वारा निर्धारित करों/टी.डी.एस. का कटौरा कर शासन के खजाने में जमा किया जायेंगा।

तकनीकी समितिः-

1. डॉ. आकांक्षा पाण्डेय (संयोजक)......................................

2. डॉ. संतोष गहरवाल (सदस्य).....................................

3. डॉ. उन्नति भायरे (सदस्य)........................................

4. डॉ. देवेन्द्र कुमार मिश्रा (सदस्य)...............................................

## परिशिष्ट – A

## आपूर्ति हेतु आवश्यक स्टेशनरी सामग्री

### 1. Long Notebook

| Particular | Specification |
|---|---|
| Size | 29.7x21 cm |
| Number of Pages | 240 P. |
| Line Type | Single |
| Paper Quality | 70 GSM |
| Cover Page Quality | 80-90 GSM Glossy Lamination |
| Cover Page Logo and College Name | Availabal on College Site-https://collegeholkar.org/ |

### 2. Pen

| Particular | Specification |
|---|---|
| Type | Ball Point Pen (Montex Megatop or Montex winner jumbo) |
| Ink Colour | Blue |
| Refill | Rifillable |
| Tip Size | 0.7 mm or 1.0mm |
| Grip | Comfortable Rubber Grip |
| Body Material | High-Quality ABS Plastic Body (Acrylonitrile Butadiene Styrene) |

### 3. Pencil

| Particular | Specification |
|---|---|
| Type | Premium Graphite Wooden Pencil (Extra Dark or Deep Dark) |
| Shape | Hexagonal or Round |
| Length | Approx. 175 mm |
| Diameter | Approx. 7 mm |
| Lead Diameter | 2.0-2.2 mm |
| Grade | HB (Standard Writing Grade) |
| Lead | Break-resistant, smooth writing, uniform graphite core |

Govt. Holkar (Model, Autonomous) Science College, Indore (M.P.) Library पुस्तकालय

4. Folder

| Particular | Specification |
|---|---|
| Types | File Folder |
| Material | High-quality polypropylene |
| Thickness | Minimum 0.50-0.70 mm |
| Size | A4 (Suitable for 110 x 297 mm documents) |
| Capacity | Minimum 100-150 A4 Sheets |
| Finish | Smooth, durable, water-resistant |

नोटः–

- निविदाकर्ता समस्त सामग्री को प्रति नग की दर से कोट करें तथा एक सामग्री का केवल एक ही सैंपल भेजे। एक सामग्री का एक से अधिक सैंपल भेजने पर निविदाकर्ता की निविदा अमान्य कर दी जायेंगी।
- निविदाकर्ता विनिर्देशों का विशेष रूप से ध्यान रखें।

Govt. Holkar Model, Autonomous Science College, Indore (M.P.) Library पुस्तकालय

# पुस्तकालय, शासकीय होलकर (आदर्श स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय इंदौर (म.प्र.)

भंवरकुआ ए.बी. रोड़, इंदौर (म.प्र.) फोन–0731–2446806 Gmail-heghscind@mp.gov.in, principal@rediffimail.com


## परिशिष्ट – B

### तकनीकी निविदा के साथ जमा किए जाने वाले दस्तावेजों/ प्रमाणपत्रों की सूची (स्वप्रमाणित)

| कमांक | दस्तावेज/प्रमाणपत्र | संलग्न |
|---|---|---|
| 1. | रू. 25000/– की EMD (म.प्र. के सूक्ष्म एवं लघु उद्‌यम तथा स्टार्ट–अप पर लागू नहीं) | एम. पी. टेण्डर पोर्टल के माध्यम से |
| 2. | रू. 2000/– की गैर–वापसी योग्य निविदा फॉर्म राशि | एम. पी. टेण्डर पोर्टल के माध्यम से |
| 3. | PAN कार्ड छायाप्रति | स्वप्रमाणित छायाप्रति |
| 4. | आधार कार्ड छायाप्रति | स्वप्रमाणित छायाप्रति |
| 5. | GST पंजीकरण छायाप्रति | स्वप्रमाणित छायाप्रति |
| 6. | निविदा प्रस्तुतिकरण फॉर्म (परिशिष्ट–C) | स्वप्रमाणित छायाप्रति |
| 7. | निगमन/स्थापना प्रमाणपत्र (''म.प्र. दुकार एवं स्थापना अधिनियम'' या संबंधित राज्य अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण) | स्वप्रमाणित छायाप्रति |
| 8. | उद्‌यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (MSME की दशा में) अथवा स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र (यदि लागु हो तो) | स्वप्रमाणित छायाप्रति |
| 9. | सीए द्वारा सत्यापित टर्नओवर प्रमाणपत्र (पिछले वित्तीय वर्ष की) | स्वप्रमाणित छायाप्रति |
| 10. | आयकर रिटर्न (ITR) की प्रति (पिछले तीन वित्तीय वर्ष की) | स्वप्रमाणित छायाप्रति |
| 11. | गैर–कालीसूचीकरण (Non-Blocklisted) की घोषणा | स्वप्रमाणित छायाप्रति |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर :–.....................................

नाम :–.....................................

निविदाकर्ता की मुहर/स्टाम्पः–.....................................

दिनांक :–.....................................

स्थान :–.....................................

पुस्तकालय, शासकीय होलकर (आदर्श स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय इंदौर (म.प्र.)

भंवरकुआ ए.बी. रोड़, इंदौर (म.प्र.) फोन-0731-2446806 Gmail-heghscind@mp.gov.in, principal@rediffimail.com

## परिशिष्ट - C
## निविदा प्रस्तुतिकरण फॉर्म

प्रति,

शासकीय होलकर (आदर्श स्वशासी)
विज्ञान महाविद्यालय,
इंदौर (म.प्र.)

विषयः-अनुसूचित जाति/जनजाति संवर्ग के विद्यार्थियों हेतु स्टेशनरी सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रस्तुतिकरण।

बिड कमांक........

1. निविदाकर्ता की जानकारी

निविदाकार्ता का नाम :

.................................................................................................................

निविदाकर्ता की कानूनी स्थिति (जैसे कंपनी, साझेदारी, एकल स्वामित्व):

.................................................................................................................

पंजीकृत पताः

.................................................................................................................

.................................................................................................................

.................................................................................................................

संपर्क व्यक्तिः................................

पदनामः ................................

फोन नम्बरः ................................

ईमेलः ................................

2. निविदाकर्ता प्रस्ताव

अधोस्ताक्षरित, निविदा दस्तावेजों के अनुसार एम.पी. टेण्डर के माध्यम से प्रस्तुत की गई निविदा अनुसार सामग्री की आपूर्ति और डिलिवरी करने का प्रस्ताव देते हैं।

3. घोषणा

- ✓ हम यह घोषणा करते हैं कि इस निविदा में दी गई सभी जानकारी और विवरण सत्य हैं और हम निविदा दस्तावेजों की सभी शर्तो को स्वीकार करते हैं।
- ✓ हम समझते है की किसी भी गलत बयानी या असत्य जानकारी प्रदान करने पर हमारी निविदा को अयोग्य ठहराया जा सकता है और EMD को जब्त किया जा सकता हैं।

Govt. Holkar (Model Autonomous) Science College, Indore (M.P.) Library पुस्तकालय

# पुस्तकालय, शासकीय होलकर (आदर्श स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय इंदौर (म.प्र.)

भंवरकुआ ए.बी. रोड़, इंदौर (म.प्र.) फोन-0731-2446806 Gmail-heghscind@mp.gov.in, principal@rediffimail.com


- ✓ हम यह भी सुनिश्चित करते है कि यदि हमारी निविदा स्वीकार की जाती है तो अनुबंध अनुसार सामग्री प्रदाय किया जाएगा।
- ✓ हम स्वीकार करते है कि महाविद्यालय बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

4. प्राधिकरण

हम.................................................................... को हमारी ओर से इस निविदा प्रस्तुत एवं हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत करते हैं।

5. संलग्न

इस निविदा प्रस्तुतिकरण फॉर्म के साथ परिशिष्ट-B अनुसार दस्तावेज संलग्न हैं।

6. हस्ताक्षर और मुहर

निविदाकर्ता का हस्ताक्षर : ..............................

नाम : ..............................

पदनाम : ..............................

निविदाकर्ता की मुहर/स्टाम्पः..............................

7. दिनांक और स्थान :

दिनांकः.........................

स्थानः .......................

Govt. Holkar (Model, Autonomous) Science College, Indore (M.P.) Library पुस्तकालय